संक्षिप्त

छात्राओं को ब्लेजर भेंट किये

तारानगर, (निसं)। तारानगर के समाज सेवी भामाशाह अमरसिँह चारण की प्रेरणा एवं धुरिना ऑनलाइन एवं व गुरुकुल कोचिंग के निदेशक सुभाष चारण के सौजन्य से तारानगर क्षेत्र के गाँव हड़ियाल की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय के संस्था प्रधान नरेन्द्र कुमार बलौदा के आग्रह पर बढ़ती सर्दी को देखते हुए विद्यालय की समस्त छात्राओं को ब्लेजर भेंट किये गए। विद्यालय स्टाफ ने इस नेक कार्य के लिए अमर सिँह चारण व सुभाष चारण का आभार व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मोके पर विजेंद्र स्वामी, मुकेश राठौड़, सत्यवीर सहारण, पूनम कँवर, सरोज बेनिवाल, श्यामलाल, रेखा, अनुराधा सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

प्रकरणों का हुआ निस्तारण

उदयपुरवाटी, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय में दो दिवसीय प्रि लिटिगेशन लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता मनफूल सिंह महरिया ने बताया कि शुक्रवार को 22 उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिसमें विद्युत निगम को एक लाख नबे हजार तीन सौ चालीस रुपए प्राप्त हुए तथा एक लाख दस हजार आठ सौ साठ रुपए की उपभोक्ता को छूट प्रदान की गई। इसी प्रकार गुरुवार को प्रि लिटिगेशन शिविर में 38 उपभोक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिसमें से 35 उपभोक्ताओं की सुनवाई कर उनके बकाया प्रकरणों का निस्तारण किया गया। निगम को तीन लाख बीस हजार आठ सौ चौदह रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

दो छात्रों का एयरफोर्स में चयन

सीकर, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाडर सीकर के दो छात्रों का एयरफोर्स एक्स-वाई ग्रुप में चयन हुआ है। जानकारी देते हुए प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र पंकज ओला व बीए द्वितीय वर्ष के छात्र दीपक यादव ने एयरफोर्स एक्स-वाई दोनो ग्रुप में चयनित हुए है। दोनो ही छात्रों ने डिग्री कोर्स के साथ संस्थान कोचिंग में नियमित अध्ययनरत रहते हुए इस सफलता का प्राप्त किया हैं एवं अपने परिवार व संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान कोंचिग में एसएससी सीजीएल, रेल्वे, बैंकिग, एयरफोर्स की तैयारी के साथ छात्रों को कैरियर गाइडेंस के माध्यम से भविष्य निर्माण किया जाता है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, व्याख्याता सुभाष मुंड सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को

सीकर, (निसं)।स्थानीय चित्र गुप्त भवन में शुक्रवार को श्री राधा कृष्ण जी माथुर की अध्यक्षता में जयपुर में होने वाले परिचय सम्मेलन के लिए बेठक आयोजित की गई। इसमें संरक्षक श्री प्रदीप जी माथुर ने वर्तमान समय में समाज के लिए सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम अधिक से अधिक कराने पर बल दिया जिससे समाज के कमजोर वर्ग लाभ ले सकें और फिजूलखर्ची पर रोक लगाई जा सके इस अवसर पर सीकर जिला संयोजक नन्दलाल माथुर ने बताया कि युवक युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 22 दिसमबर को जयपुर के अग्रवाल फार्म मानसरोवर के एस एफ एस भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा जिसके लिए फार्म भरकर परिचय सम्मेलन में भाग ले। इस अवसर पर लोकेश चन्द्र माथुर, अश्विनी माथुर, श्री कृष्ण कुमार माथुर सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

श्री राम कथा कल से

रतनगढ,(निसं)। स्थानीय बीका बास स्थित हरिराम बाबा मंदिर में मौहल्ला वासी बीका बास द्वारा 22 से 30 दिसंबर तक आयोजित श्री राम कथा का आयोजन कल रविवार को मंगल कलश यात्रा से होगा। कथा का वाचन पंडित लोकेश कुमार शास्त्री करेंगे। कथा का समय दोपहर 12:15 से 4:15 बजे तक रहेगा। कथा से पूर्व मंगल कलश व शोभा यात्रा रविवार सुबह 9:15 बजे श्री ठाकुर जी मंदिर बीका बास से शुरू होकर कथा स्थल आएगी। कथा की तैयारियों को मौहल्ला वासीयो द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक ने किया राजलदेसर थाने का निरीक्षण

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर में शुक्रवार को दोपहर को जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने राजलदेसर थाना का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने महिला डेस्क, अनुसंधान कक्ष,बैरिक,मैस,बन्दी गृहसहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया । थाने पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी।

एसपी जय यादव ने बताया कि राजलदेसर थाने मे पत्रावलियां का निस्तारण किया गया है जिले में सबसे कम पत्रावलियां यहां है। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया उसमें कुछ खामियां हैं जिन्हें पुरा करने के निर्देश दिए गए है । नये कानून के तहत सभी नियमों की पालना करने के लिए निर्देश दिये साथ ही रात्रि गश्त को मजबूत करने की बात कही । साइबर ठगी के प्रती लोगों को जागरुक करने फिर भी यदि किसी के साथ ऐसी घटना हो जाती है तो तुरन्त पुलिस को सूचना दे । शीघ्र ही उसके पैसे वापस दिलाने में पुलिस मदद करेंगी ।हैंड कांस्टेबल शिव भगवान की समीक्षा करवाई जो थाने में सबसे कमजोर था काफी पत्रावलियां पेन्डिग थी तथा अनुशासनहिनता व बार-बार शिकायत के कारण सस्पेंड कर दिया है उन्होंने स्टाफ की कमी के बारे मे बताया की जिले में जितने नफरी होते हैं उस हिसाब से सभी थानों को दिये जाते हैं साथ ज्यादा अपराध क्षेत्र में अधिक जरूरत होती है। नये भर्ती होने पर जरूरत के हिसाब से लगायें जायेंगे।

पिछले साल की तुलना में जिले में चोरियां की घटना में काफी कम आई है। पुलिस नई तकनीक के साथ चोरो को पकड़ने में सक्रिय हैं। ट्रेफिक की समस्या पर जिला एसपी ने कहा पुलिस जाप्ता से ज्यादा जरूरी लोगों को जागरूक होना तथा ट्रेफ़िक नियमों का पालना करना जरूरी है। वहीं पुलिस थाने से निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधी क्षक जय यादव कस्बे का पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। उन्होंने सुभाषचौक, बड़ौदा चौक, चोटिया बास,मैन बाजार, अथुणा कुआं पैदल मार्च कर निरीक्षण कर व्यवस्था देखी । व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मण्डल एसपी को ट्रेफ़िक व्यवस्था सुधारने हेतु एक पुलिस जवान लगाने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन बोथरा रतनगढ़ पुलिस उपअधीक्षक अनिल कुमार, थानाधिकारी कमलेश कुमार मय जाप्ता के साथ मौजूद रहें।

राजलदेसर में दोपहर को जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने राजलदेसर थाना का निरीक्षण किया।

- महिला डेस्क मे मिली खामियां, नये कानून के तहत अनुसंधान के दिए निर्देश

लायंस क्लब ने की जरूरतमंदों को रजाईयां वितरित

चूरू । लायंस क्लब की ओर से शुक्रवार को जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित की गई। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को क्लब द्वारा 125 रजाइयां वितरित की गई। लायन अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण व भामाषाह रासबिहारी माथुर थे। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा व पार्षद लीलाधर शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन शैलेंद्र माथुर के पिता रासबिहारी माथुर के आर्थिक सौजन्य से रजाइयों का वितरण किया गया। अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में लायंस क्लब की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चिड़ावा बार एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण

चिड़ावा, (निसं)। बार एसोसिएशन चिड़ावा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुक्रवार को बार एसोसिएशन कार्यालय में हुआ। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश जोशी ने निष्पक्षता के साथ हुए निर्वाचन के लिए निर्वाचन मंडल के साथ ही सभी वकीलों को बधाई देते हुए सभी पदाधिकारियों से वकीलों के हितों में कार्य करने का आ ान किया।

विशिष्ट अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट संध्या पूनिया, तहसीलदार कमलदीप पूनिया, सूरजगढ़ सूरजगढ़ बार अध्यक्ष सोमवीर खीचड़, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह, रामकुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। नव निर्वाचित अध्यक्ष शीशराम बोला सचिव, उपाध्यक्ष विकास कुमार सैनी, सचिव दीपक स्वामी, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा और पुस्तकालय अध्यक्ष विकास खरड़िया को पद की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में चिडावा बार के अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष नवीन सिंह झाझडिया, पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुल्हार, पूर्व अध्यक्ष शीशराम झाझडिया, पूर्व अध्यक्ष विनोद डांगी, पूर्व अध्यक्ष कपिल, सुमेर धनखड़ सुरेंद्र पूनिया, वीरेंद्र पूनिया, हिदायत हुसैन, पूर्व अध्यक्ष अमित कुलहरी, नीतू फोगाट, अनिल मान, रोबिन शर्मा, प्रशांत शर्मा, आदित्य शर्मा, नरेश कल्याण, अवधेश पचार, राजेश शर्मा, मनोज लामोरिया, ओमप्रकाश डांगी, भवरसिंह परमार, रवि नूनिया, अरविद भगत, संजय माहिच, राकेश आर्य, वेद प्रकाश गिडानिया, लालचंद गोठवाल, राजेन्द्र गोयल, कृष्ण पचार, कुलवीर ढाका, रामवीर बेनीवाल, रामनिवास, विजय डाबला, तौफीक पठान, श्योप्रसाद, हरचंद पिलानिया, गिरधारी सोनी, अरुण पाटिल,रवि वर्मा,लक्ष्मीचंद चाहर, मूलचंद शर्मा, सुशील वर्मा ,संदीप वर्मा, करणी सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, सोनू तामडायत, एडवोकेट मायापति, प्रियंका शिखा, ममता, बबलू सैनी, निहाल सिंह, रौनक हलवान, वीर प्रकाश झाझडिया, रमेश कटेवा,भीम सिंह सैनी, विपुल सैनी, दिनेश अडावतिया, महेश वर्मा अजय बोला, मनोज बजाज, सुनील सोमरा, कृष्ण शर्मा, अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार वर्मा, जोगेंद्र सिंह, मोहम्मद शमीम, अरब हुसैन आदि वकील उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद खादिम ने किया।

ये रहा था परिणाम :- बार चुनावों में शीशराम बोला 8 वोट से विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद से राजेश भाटिया 7 वोट से विजयी हुए। सचिव पद पर विकास कुमार सैनी 17 वोट से विजयी हुए। वहीं सह सचिव पद के लिए दीपक स्वामी, कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक शर्मा,एवं पुस्तकालयध्यक्ष पद के लिए विकास खरड़िया को पूर्व में ही सर्व सम्मति से निर्वाचित किया जा चुका था।

मांग को लेकर सौंपा राठौड़ को ज्ञापन

चूरू । समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिकाओं व लिपि को राज्य कर्मचारी का दर्जा देकर सेवा का नियमितीकरण करने व मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ को कृष्णा पचार के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 2008,2009 में प्लेसमेंट एजेंसी में भर्ती की गई तथा 2018 में सीधे संविदा पर नियुक्त किया गया, लेकिन अभी तक हमें संविदा कार्मिक का दर्जा नहीं दिया गया और न ही हमारे मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई, जबकि अध्यापिकाएं 24 घंटे आवासीय सेवाएं दे रही है। उनका मानदेय मात्र 10 हजार है। लिपिक का मानदेय 6500 है, जो की एक न्यूनतम वेतन से भी कम है। हम सभी महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। हमारी मुख्य मांगे यह है कि हमें संविदा कार्मिक का दर्जा दिया जाए।

लॉ कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

झुंझुनूं,(निसं)। सेठ मोतीलाल विधि महाविद्यालय झुंझुनूं में अकादमिक सत्र 2021 से 2024 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एनके वर्मा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेठ मोतीलाल विधि महाविद्यालय के सचिव जीएल शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

इस कार्यक्रम संयोजक कुंजबिहारी स्वामी ने बताया कि राजस्थान न्यायिक सेवा 2024 में चयनित श्वेता स्वामी और सत्र 2020-21 मे राज्यपाल से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली अनंता केडिया एवं सत्र 2021-22 में राज्यपाल से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली डॉ. शालू पंसारी एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 2023 में सुषमा कुमारी को राज्य स्तरीय बेस्ट पैरा लीगल वॉलिंटियर का प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सत्र 2022-23 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः विद्यार्थी टीना चौरासिया, सारा खान, उषा पारीक और प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली पलक रोहिल्ला, महिमा शर्मा और तन्वी को प्रशस्ति पत्र दिया गया।इसी तरह सत्र 2023-24 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः विद्यार्थी हर्षिता खेतान, स्नेहा खंडेलिया, ऋषिका टीबड़ा को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न दिया गया। सत्र 2022-23 प्रथम वर्ष विधि में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थी मोहित सोनी, प्रिया शर्मा, कविता रानी, जया, शालू कंवर को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके प्रोत्साहित किया। द्वितीय वर्ष विधि में सत्र 2023-24 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण मोहित सोनी, कविता रानी, साक्षी गुप्ता, प्रिया शर्मा, मनमीत सोनी, रेखा प्रजापत को प्रशस्ति पत्र दिया गया एवं सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष विधि मे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थी आसिपा अंसारी, मोनिका यादव, तनीषा को प्रथम श्रेणी प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र देखकर प्रोत्साहित किया।

किशन शर्मा, पूजा, अनु महला, मनदीप बुडानिया, विक्रम रोहिल्ला, गौरव शर्मा, मुकेश महर्षि आदि को विभिन्न सह शैक्षिणक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। इस अवसर पर पैरा लीगल वालंटियर किशन शर्मा, प्रिया शर्मा, वतन सिंह, दिनेश कुमार मांजू, पूजा, मनीष अवाना, सुरेश कुमार को राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं को विधिक सहायता में विशेष योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

- आरजेएस में चयनित श्वेता स्वामी के अलावा गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली अनंता केडिया व डॉ. शालू पंसारी का हुआ सम्मान

समरस सनातन यात्रा के लक्ष्मणगढ़ पहुंचने पर हुआ स्वागत

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । संतों के सानिध्य में शेखावाटी अंचल में निकाली समरस सनातन यात्रा शुक्रवार को लक्ष्मनगढ पहुंचने पर लक्ष्मनगढ के सनातनियों ने बड़े डाकघर के पास संतों का स्वागत किया तथा यात्रा का लवाजमा लालकुआं दुर्गा पूजा स्थल पहुंचा जहां आयोजित सभा को संतों ने संबोधित करते हुए हिंदुओं को एकजुट होने का आव्हान किया।

संतों के सानिध्य में आयोजित हुई सभा को श्री शील जति आश्रम भोजासर बडा के महंत शिवराज जति महाराज, शिवमठ आश्रम गाडोदा के पीठाधीश्वर महंत महावीर जति महाराज,बिदावत मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज, बुद्धिगरी मंडी फतेहपुर के महंत दिनेश गिरी महाराज ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट ओमप्रकाश , सुरेश बीबीपुरिया,अरूण चौधरी, प्रदीप दाधीच मनोज मिश्रा ने संचालन किया। जबकि कार्यक्रम संयोजक ललित पंवार के नेतृत्व में संतों का अभिनंदन किया।यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम सहसंयोजक जयशंकर पुजारी अमित जोशी ने बताया कि पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता दिनेश जोशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक राजकुमार खिरवेवाल, पुरुषोत्तम मिश्रा , पुरुषोत्तम बील, अनुज ताखर, पवन गोयनका, ललित भूत ,बजरंगलाल गोटेवाले, पार्षद एडवोकेट ललित पारीक,शहर भाजपा अध्यक्ष मधु , शहर जगदीश ,जयप्रकाश ,मनोज , शशिकांत , पार्षद विष्णु , संदीप नेता, नवीन ,नवीन ,गिरधारी लाल जाजोदिया, शंभू बील, अनिल तिवाड़ी, अमित तिवारी फतेहपुर, ओमप्रकाश बनाई वाले ,नथमल भंडारी, राजेश जोशी , विक्रम , राकेश , राजेश , राम प्रसाद अलका शर्मा,लक्ष्मी गौतम सहित बड़ी संख्या में सनातनी मौजूद थे।

- बड़े डाकघर के पास यात्रा का किया स्वागत
- लालकुआं दुर्गा पूजा स्थल पर हुई सभा को संतों ने संबोधित करते हुए हिन्दुओं को एकजुट होने का किया आह्वान

वंचित व पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित : नायक

चूरू,। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक शुक्रवार को चूरू दौरे पर रहे। इस मौके पर उन्होंने अनुजा निगम कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं का जायजा लिया और प्रेस वार्ता कर मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नायक ने कहा कि प्रदेश सरकार वंचित व पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है।

अनुजा निगम की योजनाओं के माध्यम से एससी, एसटी सहित वंचित वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं में ऋण उपलब्ध करवाते हुए उन्हें स्वरोजगार देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनसंख्या में से हर 8वां व्यक्ति एससी समाज से हैं और आज भी विभिन्न सामाजिक, आर्थिक चुनौतियों से घिरा है। वंचित वर्ग के उत्थान के साथ उनको स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना आयोग का प्रथम ध्येय है। इससे पूर्व नायक ने अनुजा निगम कार्यालय का अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति व क्रियान्विति की जानकारी ली तथा समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक चूरू दौरे पर रहे ।

- राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र नायक चूरू में मीडियाकर्मियों से हुए रूबरू, विभागीय योजनाओं की ली जानकारी

इस मौके पर कर्नल (से. नि.) देवानंद ने सैनिक कल्याण से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नगेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिहाग, सुभाष बेदी सहित मीडियाकर्मी मौजूद थे।

मांग का लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

पाटन,(निसं)। नीमकाथाना जिले के सेवानिवृत्ति सैनिकों ने नीमकाथाना में शहीद स्मारक की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। शहीद वीरांगना कविता सामोता ने बताया कि यह देश वीरता और बलिदान को सदैव सम्मान देता आया है इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के सभी गौरव सेनानियों ने शहीद स्मारक की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।सामोता ने कहा मैं स्वयं एक वीरांगना हूं, मेरे पति आज से कुछ वर्ष पहले शहीद हुए थे। एक शहीद की पीड़ा एक शहिद परिवार ही समझ सकता है। सामोता मीडिया से बात करते हुए कहा नीमकाथाना में एक भव्य शहिद स्मारक बने इसका में पूर्ण रूप से समर्थन करती हूं और अपने सरकार से भी आग्रह करती हूं कि सैनिकों की इस मांग पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए जल्द से जल्द फैसला ले और शहीद स्मारक का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं।

सार-समाचार

सात छात्राओं को मिला टेबलेट पीसी

पाटन, (निसं)। कस्बे में स्थित श्रीमती जमुना देवी पाण्डेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्यस्तरीय मेरिट में चयनित सात छात्राओं को टेबलेट पीसी वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने की तथा मुख्य अतिथि शहीद वीरांगना कविता सामोता, अति विशिष्ट अतिथि मोहरसिंह मंगावा, विशिष्ट अतिथी शिवकुमार चौधरी व पत्रकार हरिकिशन राव सहित मीडीया बंधु एवं अन्य अतिथियों ने मेधावी सात छात्राओं को मिठाई खिलाकर, साफा पहनाकर, टेबलेट पीसी वितरित किए। टेबलेट पीसी प्राप्त करने वाली प्रिति कंवर, कोमल सैनी, नचीता, निकिता कुमारी, रीना गुर्जर, महक सैन, सुनिता ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर उनका सम्मान किया गया है जो गौरव का विषय है। वीरांगना कविता सामोता ने छात्राओं को शुभकामनाए देते हुए कहा कि छात्राओं को शिक्षा के प्रति ध्यान देना चाहिए तथा आगे बढ़ते रहना चाहिए। एसी बी.ई.ओ मोहर सिंह मंगावा ने शुभकामना देते हुए छात्राओं का होसला अफजाई करते हुए कहा अबकी बार सत्तर पार का संकल्प दिलाया।प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा एसीबीईओ मोहर सिंह मंगावा के अबकी बार सत्तर पार मिशन पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम के अन्त से विद्यालय की समस्त छात्राओं को सत्यनारायण सोनी की तरफ से लड्डू वितरित किए गए।इस दौरान विधालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आरोपियों को किया गिरफ्तार

सुजानगढ । कोतवाली पुलिस ने गुरूवार रात लाडनूं रोड पर वृताधिकारी कार्यालय के पास स्थित संकट मोचन बालाजी मन्दिर में हुई चोरी का चंद घंटो में खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। डीवाईएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि घटना के बाद चूरू एसपी जय यादव के निर्देशन पर थानाधिकारी धर्मेन्द्र मीणा के नेतृत्व में चार पुलिस की टीमों ने मुखबिर की ईतला व साईबर सेल की मदद से आरोपी सहीराम(42) उर्फ शिवा पुत्र भंवरलाल जाट निवासी नया बास, भागीरथ उर्फ गोनू नाई पुत्र राजकुमार निवासी भांकडा कॉलोनी को सालासर रोड से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भागीरथ उर्फ गोनू नाई ने कुछ दिनों पहले ही सियाराम बाबा की बगीची में सन्यास ग्रहण किया था। दोनों आरोपी आदतन नशेडी है। गिरफ्तार आरोपी भागीरथ उर्फ गोनू दो दिनों से संत की वेशभूषा में चाय पीने डिप्टी कार्यालय के पास टपरी पर आ रहा था। घटना के दिन टपरी पर नहीं आने व अचानक सन्यासी की वेशभूषा से सामान्य वेशभूषा में आने पर डीवाईएसपी के ड्राईवर को शक होने पर पुलिस ने शक के आधार पर तलाश कर युवक से पूछताछ करने पर चोरी की घटना करना कबूल किया। शुक्रवार सुबह ही मन्दिर में चोरी का मामला हुआ था दर्ज - गुरूवार रात बालाजी मन्दिर में हुई चोरी का मामला शुक्रवार सुबह मन्दिर के पुजारी दिनेश ब्राह्मण ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि संकट मोचन बालाजी मन्दिर का पुजारी हूं। 19 दिसम्बर गुरूवार रात 8:30 बजे मन्दिर के कपाट बंद करके में घर चला गया था।

निबंध प्रतियोगिता होगी

झुंझुनूं,। मकर संक्रांति पर्व पर श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में श्री चौथमल सुनील कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान के संयोजन में विषयः गाय के गोबर की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति पर्व पर किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकेंगे। जिन्हें 11:30 बजे से 12:30 बजे तक 1 घंटे का समय निबंध लिखने के लिए दिया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में निबंध लिखने की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द, हिंदी भाषा में निबंध लिखना है। प्रतिभागी को निबंध लिखने के लिए चार्ट शीट एवं पेंसिल गौशाला में उपलब्ध करवाई जाएगी। निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिनके निर्णय के अनुसार प्रथम विजेता को सात हजार एक सौ रूपए, द्वितीय विजेता को पांच हजार एक सौ रुपए एवं तृतीय विजेता को तीन हजार एक सौ रुपए नगद इनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इसी के साथ 51 सांत्वना पुरस्कार में गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी 10 जनवरी 2025 तक गौशाला में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना है।

सम्मान समारोह का आयोजन

बीदासर , (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढढैरू भामुवान में शुक्रवार को ग्राम पंचायत के 13 युवकों का सरकारी सेवा में चयन होने पर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरंपच सुरेश खेरिया की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रतनगढ़ के विधायक पूसाराम गोदारा थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढढैरू के सीआईएसएफ में भंवर लाल प्रजापत व मनीष खेरिया, बीएसएफ में राधेश्याम प्रजापत, सीआरपीएफ में ओमप्रकाश नेहरा, रामरतन भामू व बाबूलाल प्रजापत लोको पायलट में श्री भगवान प्रजापत, आर्मी में नरेंद्र सिंह, नैवी में बाबूलाल खाती, नर्सिंग आफिसर में मंजू कंवर, एएनएम में सावित्री खेरिया, वन रक्षक में सुरीला नेहरा और शिक्षक में नेमीचंद खेरिया का चयन होने पर विधायक पूसाराम गोदारा व सरपंच सुरेश खेरिया ने सभी का साफा व सम्मान पत्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता भागीरथ गुरू, ग्राम विकास अधिकारी धर्मनाथ सिद्ध, मोहन लाल खेरिया, उदाराम डुडी, खेताराम भामू सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 आज

बलवंतपुरा, (निसं)। बलवंतपुरा स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 शनिवार को सुबह 11 बजे होगा। प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ओलंपिक एथलीट सपना पूनियां होगी। इस अवसर पर संस्था सचिव बीएल रणवां, निदेशक राहुल रणवां आदि उपस्थित रहेंगे। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों जैसे शूटिंग, क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बीर सेक रेस, थ्री लेंग्ड रेस, शू- सॉक्स रेस, ठूला-हूप्रेस, स्किपिंग रेस बैग पैक रेस, स्पून एण्ड लेमने रेस, सेवन स्टोन रेस, हईल रेस, सिंगल लेंग रेस, जिंग- जंग रेस आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजित होगी।

सहायक अभियंता को दिया ज्ञापन

तारानगर, (निसं)। तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अलायला के सरपंच धर्मवीर सिँह राठौड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गाँव में पेयजल समस्या एवं नई पाईप लाइन डालने की मांग को लेकर सहायक अभियंता अनिल नायर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में इस सर्दी के समय में भी पेयजल समस्या चल रही एक दो जगह को छोड़कर गाँव में कहीं पर भी पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, हनुमानगढ़

क्रमांक :-7553 दिनांक :-18.12.2024

-: लोक सूचना :-

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि खातेदार M/S City Center Market through partner श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री बलराम सोनी निवासी गोल्डन सिटी, हनुमानगढ़ जंक्शन तहसील व जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

जिला तहसील का नाम	ग्राम का नाम	पत्थर नं.	क्षेत्र
तहसील हनुमानगढ़ जिला हनुमानगढ़	चक नं. 49 एनजीसी	126/264 मु.न. 53 किला नं. 24/1/0.051, 25/1/0.051 पत्थर नं. 126/265 मु. न. 56 किला नं. 2/0.1885, 3/0.253, 4/0.253, 5/1/0.228, 5/2/0.025, 6/1/0.228, 6/2/0.025, 7/0.253, 8/0.253, 9/0.1885	कुल 1.997 हैक्टयर भूमि

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान